अमर उजाला 16/02/2025

बैडमिंटन प्रतियोगिता में आकांक्षा अव्वल

जीएमएन कॉलेज में आयोजित बैडमिंटन स्पर्धा में सम्मानित विजेता व अन्य। प्रवक्ता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से पुरुष और महिला छात्रों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 16 लड़कियां और 16 लड़के शामिल रहे।

इस दौरान महिलाओं में बीकॉम द्वितीय वर्ष की आकांक्षा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

बीकॉम द्वितीय वर्ष की अंकिता ने द्वितीय और एमए पॉलिटिकल साइंस प्रथम वर्ष की कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद पुरुषों में बीसीए द्वितीय वर्ष के रोशन राणा ने प्रथम स्थान, बीसीए द्वितीय वर्ष के गोरंश लांबा ने द्वितीय स्थान और बीकॉम अंतिम वर्ष के मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके साथ ही कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेताओं को बधाई दी और अन्य छात्रों को भी खेलों में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन को भी बढ़ावा देते हैं।

इस अवसर पर डॉ.एसएस नैन, डॉ. एसके पांडेय, डॉ. राजेंद्र देशवाल, डॉ. अनुराधा और प्रो. तृप्ति शर्मा मौजूद रहे।